बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–27/2023,
अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (TRE-2.0)

विज्ञापन संख्या–27/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (TRE-2.0) दिनांक– 07.12.2023 से 15.12.2023 तक आयोजित की जायेगी:–

उक्त परीक्षा के लिए दिनांक–02.12.2023 से प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा सूचित किया गया है कि e-Admit Card में अद्यतन फोटो अपलोड करते समय गलत फोटो अपलोड होने के कारण e-Admit Card में द्वितीय फोटो अन्य व्यक्ति का फोटो दर्ज हो गया है। अतः ऐसे अभ्यर्थियों को गलत फोटो Edit कर सही फोटो दुबारा अपलोड करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनके डैशबोर्ड पर दिनांक–05.12.2023 से 06.12.2023 तक फोटो अपलोड करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। उक्त तिथि के बाद किसी तरह का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

1. सुधार के लिए दिये गये उक्त तिथि के बाद भी यदि कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा अपलोड फोटो/हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय/अन्य व्यक्ति इत्यादि का रह जाता है तो वैसे अभ्यर्थी निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य परीक्षा की निर्धारित तिथि को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।
   - **अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाएंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।**
2. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।
3. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक–05.12.2023 से उपलब्ध करायी जायेगी।
4. वर्ग : 6–8 एवं वर्ग : 9–10 से संबंधित वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने सामाजिक विज्ञान (विषय समूह) विषय का चयन किया है, वे इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र में किसी दो विषय का चयन करने में त्रुटि किया है, उन्हें त्रुटि निराकरण हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।
5. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात 1 घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् Used OMR Answer Sheet को सील बंद कराने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ेगें।

नोटः–विहित घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

4.12.2023

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना